<u>**अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान**</u>
(हिंदी अनुभाग)

अंसारी नगर, नई दिल्ली-29.

फा.सं.7-1/2022-हिं.अ.

दिनांक: 04.11.2022

**विषय: <u>संस्थान की वेबसाइट को द्विभाषी रूप में अद्यतन रखने संबंधी।</u>**

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दिनांक 26.09.2022 को संकायाध्यक्ष (शैक्षिक) महोदय की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित हुई थी। इस बैठक के कार्यवृत्त की मद सं. 05 पर समिति द्वारा विस्तृत विचार-विमर्श के उपरांत निम्नलिखित निर्णय लिया गया था कि:- **"कंप्यूटर सुविधा द्वारा संस्थान की वेबसाइट पर विभिन्न विभागों/अनुभागों/केंद्रों से संबंधित स्थायी प्रकृति की विषय-वस्तु को अपने स्तर पर ही स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा अनुमोदित अनुवाद एंजेसियों के पैनल से हिंदी रूपांतर करवाकर द्विभाषी रूप में अपलोड करते हुए संस्थान की वेबसाइट को द्विभाषी रूप में अद्यतन रखा जाए।"**

अत: संस्थान की राजभाषा कार्यान्वयन समिति द्वारा लिए गए उक्त निर्णय के अनुपालन में संस्थान के सभी विभागों/अनुभागों/केंद्रों से अनुरोध किया जाता है कि अपने विभाग/अनुभाग/केंद्र से संबंधित स्थायी प्रकृति की विषय-वस्तु को संस्थान की वेबसाइट पर अपलोड करवाने हेतु कंप्यूटर सुविधा को भेजें ताकि कंप्यूटर सुविधा द्वारा संस्थान की वेबसाइट पर विभिन्न विभागों/ अनुभागों/केंद्रों से संबंधित स्थायी प्रकृति की विषय-वस्तु को अपने स्तर पर ही स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा अनुमोदित अनुवाद एंजेसियों के पैनल से हिंदी रूपांतर करवाकर द्विभाषी रूप में अपलोड करते हुए संस्थान की वेबसाइट को द्विभाषी रूप में अद्यतन रखा जा सके।

कृपया इसे आवश्यक अनुपालन हेतु जारी किया जाता है।

(नीरज कुमार शर्मा)
वरिष्ठ वित्त सलाहकार एवं
राजभाषा अधिकारी

<u>**वितरण:**</u>

सभी विभाग/अनुभाग/केंद्र।

<u>**प्रतिलिपि:**</u>

- निदेशक एवं अध्यक्ष, राजभाषा कार्यान्वयन समिति, एम्स महोदय के प्रधान निजी सचिव, एम्स, नई दिल्ली।
- संकायाध्यक्ष (शैक्षिक) एवं उपाध्यक्ष, राजभाषा कार्यान्वयन समिति, एम्स महोदय के निजी सचिव।
- अपर निदेशक (प्रशा.)/वरिष्ठ वित्त सलाहकार एवं राजभाषा अधिकारी महोदय के निजी सचिव।
- निदेशक (राजभाषा), स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, निर्माण भवन, नई दिल्ली-110011.
- प्रभारी आचार्य (कंप्यूटर सुविधा) महोदया के निजी सचिव।
- उप-निदेशक (कंप्यूटर सुविधा) - कृपया इसे एम्स की वेबसाइट पर अपलोड करवाने की कृपा करें।